Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




Wed - 22 Jul - 2026 | Year - 01 | Issue - 107 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# दिल्ली में आंदोलनरत युवाओं के समर्थन में चंडीगढ़ जिला अदालत के वकीलों का धरना, एफआईआर रद्द करने और संवाद शुरू करने की मांग




चंडीगढ़, 22 जुलाई: दिल्ली में आंदोलनरत युवाओं के समर्थन में चंडीगढ़ जिला अदालत के बड़ी संख्या में वकील भी खुलकर सामने आ गए हैं। वकीलों ने युवाओं पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में शांतिपूर्ण धरना देने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए।

वकीलों के अनुसार दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे युवा शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और संबंधित संस्थानों की जवाबदेही तय किए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इन मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे युवाओं पर बल प्रयोग और पुलिस कार्रवाई की खबरें बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने वालों की आवाज को दबाने के बजाय उनकी बात सुनी जानी चाहिए और संवाद के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए।

धरने के संबंध में वकीलों ने स्पष्ट किया कि जब तक आंदोलनरत युवाओं की जायज मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती और सरकार उनकी बात नहीं सुनती, तब तक उनका शांतिपूर्ण धरना जारी रहेगा। उनका कहना है कि किसी भी लोकतांत्रिक समाज में नागरिकों को अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने का पूरा अधिकार है और राज्य की जिम्मेदारी है कि वह इस अधिकार की रक्षा करे।

चंडीगढ़ जिला अदालत के वकीलों ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने आंदोलन कर रहे युवाओं के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर को तत्काल रद्द करने, गिरफ्तार किए गए सभी प्रदर्शनकारियों को बिना शर्त रिहा करने तथा पुलिस कार्रवाई के दौरान घायल हुए लोगों को उचित मुआवजा देने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने पुलिस कर्मियों और सिविल ड्रेस में कथित रूप से प्रदर्शनकारियों के साथ मारपीट करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग उठाई।

वकीलों ने यह भी कहा कि सरकार को आंदोलनरत युवाओं के प्रतिनिधियों के साथ तुरंत सार्थक और सकारात्मक संवाद शुरू करना चाहिए ताकि विवाद का शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक समाधान निकाला जा सके। उनका मानना है कि बल प्रयोग या दमन किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता।

धरने के दौरान वकीलों ने कानून के शासन, संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिकों के मौलिक अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि टकराव का रास्ता छोड़कर संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से समाधान तलाशा जाए, ताकि लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बना रहे और सामाजिक सौहार्द भी कायम रहे।

## मोगा में 105.49 करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण, 94 गांवों के 20,085 एकड़ क्षेत्र को मिलेगा नहरी पानी



चंडीगढ़/मोगा, 22 जुलाई: पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने मोगा जिले में 105.49 करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं के तहत मोगा, बाघापुराणा और धर्मकोट हलकों में रजबाहों व सूओं की कंक्रीट लाइनिंग, वाटर कोर्स और जमीनदोज पाइपलाइन बिछाई गई हैं। इससे जिले के 94 गांवों के किसानों को लाभ मिलेगा और 20,085 एकड़ अतिरिक्त कृषि भूमि नहरी सिंचाई के दायरे में आ जाएगी।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य हर खेत तक नहरी पानी पहुंचाना और भूजल पर निर्भरता कम करना है। उन्होंने बताया कि राज्य में नहरी पानी के उपयोग का दायरा पहले 17-18 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 86 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

## मानसून में सड़क आवागमन बाधित न हो, लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने अधिकारियों को दिए सख्त



चंडीगढ़, 22 जुलाई: पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने पंजाब भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्यभर में चल रहे सड़क निर्माण एवं नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर और सुरक्षित यातायात नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य में करीब 45,000 किलोमीटर सड़कों के निर्माण और नवीनीकरण का कार्य जारी है।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान विभागीय सड़कों का नियमित निरीक्षण कर आवागमन किसी भी स्थिति में बाधित न होने दिया जाए। उन्होंने कहा कि जहां लुक (Bituminous) कार्य संभव नहीं हैं, वहां डब्ल्यू.बी.एम. सड़कों की रोलिंग कर उन्हें बारिश के बाद आगे के कार्यों के लिए तैयार रखा जाए।

## जय जवान जय किसान पार्टी ने कुलवीर कपूर को खरड़ विधानसभा का इंचार्ज नियुक्त किया

चंडीगढ़: जय जवान जय किसान पार्टी ने पंजाब में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए ऑल इंडिया रेडियो, चंडीगढ़ की सेवानिवृत्त सीनियर ब्रॉडकास्टर, अभिनेत्री और समाजसेवी श्रीमती कुलवीर कपूर "शन्नो" को खरड़ विधानसभा क्षेत्र का हल्का इंचार्ज नियुक्त किया है। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर पार्टी में शामिल हुईं कुलवीर कपूर को यह जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष मेजर आरपीएस मल्होत्रा की ओर से सौंपी गई।

मेजर मल्होत्रा ने कहा कि कुलवीर कपूर एक शिक्षित, अनुभवी और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं। उनका सार्वजनिक जीवन का अनुभव और सामाजिक कार्यों से जुड़ाव पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में खरड़ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का जनाधार और संगठन दोनों सशक्त होंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मेजर आरपीएस मल्होत्रा ने नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कुलवीर कपूर एक शिक्षित, अनुभवी, सम्मानित और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई शख्सियत हैं। उन्होंने वर्षों तक प्रसारण, कला और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनका अनुभव और नेतृत्व क्षमता



पार्टी के लिए बड़ी ताकत साबित होगी। उन्होंने कहा कि जय जवान जय किसान पार्टी ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखती है जो समाज की सेवा और जनहित के लिए समर्पित हों। उन्हें पूरा विश्वास है कि कुलवीर कपूर के नेतृत्व में खरड़ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा अधिक से अधिक लोग पार्टी की विचारधारा से जुड़ेंगे।

नवनियुक्त हल्का इंचार्ज श्रीमती कुलवीर कपूर ने कहा कि उन्होंने पूरी गंभीरता और सोच-विचार के बाद जय जवान जय किसान पार्टी से जुड़ने का निर्णय लिया है। उनके अनुसार यह पार्टी सैनिकों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के वास्तविक मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति उनके लिए केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का एक सशक्त मंच है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह खरड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और वार्ड तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगी, उन्हें पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाएंगी और उनके समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा जनता के बीच पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

## डेटा सुरक्षा से ही बनेगा लोगों का भरोसा, पंजाब सरकार सभी विभागों में मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचा करेगी लागू: अमन अरोड़ा



चंडीगढ़, 22 जुलाई: पंजाब के सुशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अमन अरोड़ा ने राज्य के सभी सरकारी विभागों में डेटा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि डिजिटल शासन की सफलता नागरिकों के भरोसे पर निर्भर करती है और यह विश्वास हर कीमत पर कायम रखा जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी डिजिटल सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है, इसलिए नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा और सरकारी डेटाबेस की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अमन अरोड़ा आज सुशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित "राज्य के डेटा के लिए साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना" विषय पर राज्य स्तरीय कंसल्टेटिव वर्कशॉप को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक जहां विकास और सुशासन का प्रभावी माध्यम है, वहीं साइबर खतरों और डेटा चोरी जैसी चुनौतियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में डेटा का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण प्रबंधन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

उन्होंने कहा कि आज डेटा एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक संपत्ति है। जब कोई नागरिक सरकारी कार्यालय में अपनी जानकारी देता है या ऑनलाइन सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करता है, तो वह इस भरोसे के साथ अपना निजी डेटा साझा करता है कि सरकार उसकी जानकारी को पूरी तरह सुरक्षित रखेगी। इस भरोसे को बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वित तरीके से कार्य करें, साइबर सुरक्षा प्रणालियों को लगातार अपडेट करें और उभरते डिजिटल खतरों से निपटने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाएं।

कैबिनेट मंत्री ने भरोसा दिलाया कि साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार हर आवश्यक संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराएगी। उन्होंने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 सहित भारत सरकार द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। कार्यशाला का आयोजन भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया।

SQUARENET
Innovation & Excellence
Zoho Mail
Google Workspace
Microsoft 365
Microsoft Solutions Partner
Google Cloud Partner
aws partner network
Are you looking for a reliable
EMAIL SERVICE PROVIDER?
Choose the best suitable plan for your business from SquareNet
Secure & Reliable
Professional Email
Cloud Integration
24/7 Expert Support
Scalable for Every Business
Advertisement
Empower Your Business with Secure, Professional & Scalable Email Solutions
SQUARENET INDIA PRIVATE LIMITED
C-6, Sebiz Square, IT Park, Sector 67,
Mohali 160062, Punjab India
www.squarenetindia.com
mail@squarenetsolutions.com
+91-904-101-2541
[PRI LINE]

herbegy™
Think pure think herbal

PREMIUM SPICES RANGE

Pure Spice. Rich Flavour.




PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

727-515-0015

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.